# SUMMATIVE ASSESSMENT - I (2017 - 18)
## Second Language - HINDI
## Part - A & B

Class : X (Max. Marks : 80) Time : 2.45 Mts.

*सूचना* :- 1) प्रश्न – पत्र पढ़ने के लिए 15 मिनट का समय निर्धारित है।
2) प्रश्न पत्र लिखने के लिए 2.30 घंटे का समय निर्धारित है ।
3) भाग 'A' के प्रश्नों के उत्तर, उत्तर पुस्तिका में लिखिए ।

Marks : 60 **PART - A**

I. **प्रत्येक प्रश्न का उत्तर सूचना के अनुसार लिखिए ।**
**प्रत्येक भाग (1, 2, 3, 4) के लिए पाँच - पाँच अंक निर्धारित हैं।**

**1. निम्नलिखित गद्यांश पढ़कर प्रश्नों के उत्तर एक वाक्य में लिखिए ।**

एक दूसरे प्रकार के बडे लोकप्रिय गाने अल्हा के हैं। अधिकतर ये बुंदेलखंडी में गाये जाते हैं। आरंभ तो इसका चंदेल राजाओं के राजकवि जगनिक से माना जाता है, जिसने आल्हा-ऊदल की वीरता का अपने महाकाव्य में बखान किया।

प्रश्न : 5 x 1 = 5

1. उपर्युक्त अनुच्छेद में किस लोकगीत के बारे में बताया गया है?
2. चंदेल राजाओं के राजकवि कौन थे?
3. जगनिक ने किसकी वीरता का अपने काव्य में बखान किया?
4. 'वीरता' शब्द का विलोम शब्द लिखिए।
5. उपर्युक्त गद्यांश के लेखक कौन हैं?

**2. निम्न लिखित गद्यांश पढ़कर दिये गये विकल्पों से प्रश्नों के उत्तर चुनिए।**

गंगा भारत की सर्वाधिक पवित्र और महिमा नदी है। एक पौराणिक संदर्भ में कहा गया है कि शिव की जटाओं से मुक्त होकर गंगा सात धाराओं में पृथ्वी पर उतरी, इसलिए गंगा को मोक्षदायिनी बताया जाता है। यह स्वर्ग में अलकनंदा और मंदाकिनी, पृथ्वी पर भागीरथी या जाह्नवी तथा पाताल में पाताल गंगा नाम से जानी जाती है।

प्रश्न :- 5 x 1 = 5

1. भारत देश की सर्वाधिक महिमामयी नदी कौन-सी है?

A) कृष्णा B) कावेरी C) यमुना D) गंगा

2. शिवजी की जटाओं से गंगा कितनी धाराओं में पृथ्वी पर उतरी?

A) सात B) छः C) आठ D) चार

3. स्वर्ग में गंगा नदी का नाम क्या है?

A) भागीरथी B) मंदाकिनी C) पातालगंगा D) जाह्नवी

4. गंगा नदी को पृथ्वी पर किस नाम से बुलाते हैं?

A) अलकनंदा B) मंदाकिनी C) पातालगंगा D) भागीरथी

5. 'उतरना' शब्द का विपरीतार्थक शब्द पहचानिए?

A) भागना B) दौड़ना C) गिरना D) चढ़ना

**3. निम्न लिखित कविता पढ़कर प्रश्नों के उत्तर एक वाक्य में लिखिए।**

मन में श्रद्धा और प्रेम का अद्भुत दृश्य दिखायेंगे।
सत्य, अहिंसा, त्याग, समर्पण की बगिया महकायेंगे।।
जग के सारे क्लेश मिटाकर, धरती को स्वर्ग बनायेंगे।
विश्वबंधुत्व का मूल मंत्र हम, दुनिया में सरसायेंगे।।

**प्रश्न :-** **5 x 1 = 5**

1) मन में कौन-से अद्भुत दृश्य दिखायेंगे?
2) धरती को स्वर्ग कैसे बनायेंगे?
3) दुनिया में किस मूल मंत्र को सरसायेंगे?
4) 'बगिया' शब्द का समानार्थी शब्द लिखिए।
5) इस पद्यांश के कवि कौन हैं?

**4. निम्न लिखित कवितांश पढ़कर प्रश्नों के उत्तर विकल्पों से चुनकर लिखिए।**

ओस की बूँदों की तरह होती हैं बेटियाँ
हर कष्ट, दुख, परेशानी को भाँप लेती है बेटियाँ
जब माँ-बाप को दर्द होता है
तो घुट - घुटकर रोती हैं बेटियाँ
हो शिक्षित तो घर-घर
रोशन करती हैं बेटियाँ।

**प्रश्न :-** **5 x 1 = 5**

1. बेटियाँ किस की तरह होती हैं?

A) पानी की तरह B) ओस की बूँद की तरह

C) पत्थर की तरह D) नदी की तरह

2. बेटियाँ किसे भाँप लेती हैं?

A) पानी को B) हँसी को C) सुख को D) परेशानी को

3. किसे दर्द होने पर बेटियाँ रोती हैं?

A) माता-पिता को B) समाज को C) प्राणियों को D) मामा-मामी को

4. घर, रोशन किससे होता है?

A) अशिक्षित बेटियों से B) शिक्षित बेटियों से

C) धनी बेटियों से D) विवाहित बेटियों से

5. 'घर' शब्द का बहुवचन रूप क्या है?

A) घेर B) घरों C) घर D) घरे

**II. निम्न लिखित प्रश्नों के उत्तर दो या तीन वाक्यों में लिखिए । 6 x 3 = 18**

5. 'बरसते' बादल कविता पाठ में वर्षा के समय पुलकित होनेवाले किन प्राणियों के बारे में बताया गया?
6. मानव जीवन में सत्य, अहिंसा, त्याग आदि भावनाओं का क्या महत्व है?
7. साधारणत लोकगीत किन रागों में गाये जाते हैं?
8. हामिद का स्वभाव कैसा है? लिखिए?
9. शांति की परिभाषा क्या है? 'शांति की राह में' पाठ के अनुसार समझाइए।
10. मदर तेरेसा ने अपने जीवन में क्या सिद्ध कर दिखाया है?

**III. किसी एक प्रश्न का उत्तर 6 या 8 पंक्तियों में लिखिए । 6**

11. वर्षा के समय पेड-पौधे, पशु-पक्षी, मनुष्य और धरती भी खुशी से झूम उठते हैं। 'बरसतेबादल' कविता के द्वारा समझाइए।
12. दिनकर जी ने श्रमिक को श्रेष्ठ स्थान दिया। 'कण-कण का अधिकारी' कविता पाठ के आधार पर सिद्ध कीजिए।

**IV. किसी एक प्रश्न का उत्तर 6 या 8 पंक्तियों में लिखिए । 6**

13. वास्तविक लोकगीत देश के गाँवों और देहातों में हैं। भारतीय लोकगीतों का वर्णन अपने शब्दों में कीजिए।
14. हामिद के दिल में दादी के प्रति अपार प्रेम था। 'ईदगाह' कहानी के आधार पर समझाइए।

V. किसी एक का उत्तर लिखिए । 5

15. अपने परिवार के साथ तीर्थयात्रा जाना है। एक सप्ताह की छुट्टी माँगते हुए प्रधानाध्यापक के नाम अवकाश (छुट्टी) पत्र लिखिए।

16. हिंदी भाषा सीखना हर भारतीय का कर्तव्य है। हिंदी का महत्व बताते हुए मित्र के नाम पत्र लिखिए।

VI. किसी एक विषय पर निबंध लिखिए । 5

17. दूरदर्शन आज मानव जीवन का अनिवार्य अंग बन गया है। अपने विचार व्यक्त कीजिए।

18. पर्यावरण हमारा रक्षा कवच है। पर्यावरण को बचाने के लिए हम क्या कर सकते हैं?

Regd.No. [ ] **33-B** Marks: [ ]

# SUMMATIVE ASSESSMENT - I (2017 - 18)
## Second Language - HINDI
### PART - B

CLASS : X (Max. Marks : 20)

Name of the student : ................................................................ Roll No : ..........

| शैक्षिक मापदंड | अर्थग्राह्यता - प्रतिक्रिया | अभिव्यक्ति सृजनात्मकता | भाषा की बात | कुल |
|---|---|---|---|---|
| कुल अंक | 20 | 40 | 20 | 80 |
| प्राप्तांक | | | | |
| श्रेणी | | | | |

*सूचना* :- 1) भाग 'B' के प्रश्नों के उत्तर, प्रश्न पत्र में ही लिखिए ।
2) भाग 'B' के लिए समय आधा (1/2) घंटा निर्धारित है ।

विशेष सूचनाएँ : 1. सभी प्रश्नों के लिए समान अंक निर्धारित हैं ।
2. प्रश्नों के उत्तर सामने दिये गये कोष्ठक में लिखिए ।
3. काटे हुए या बदले हुए उत्तरों को अंक नहीं दिये जायेंगे ।

निर्देश के अनुसार उत्तर दीजिए । 20 X 1 = 20

1. चम-चम बिजली चमक रही रे उर में घन के। (रेखांकित शब्द का अर्थ पहचानिए) [ ]
   A) मेघ B) चंद्र C) चातक D) धन
2. श्रमिक काल्पनिक जगत को साकार रूप देता है। (शब्द का विलोम शब्द पहचानिए) [ ]
   A) आकार B) असाकार C) निराकार D) प्राकार
3. सावन में मेघ बरसते हैं। (रेखांकित शब्द का तत्सम रूप पहचानिए) [ ]
   A) भावन B) वर्षा C) श्रवण D) श्रावण
4. हामिद में कितना त्याग और कितना सद्भाव है! (रेखांकित शब्द का उपसर्ग शब्द पहचानिए) [ ]
   A) स B) सद् C) सत D) भाव
5. मेहनत ही सफलता की कुंजी है। (रेखांकित शब्द में प्रत्यय पहचानिए) [ ]
   A) स B) ता C) लता D) सफल

6. अनेक कंठ एक साथ फूटते हैं, यद्‌यपि अधिकतर उनमें मेल नहीं होता। (रेखांकित शब्द का संधि विच्छेद कीजिए) [ ]

A) यदि+अपि B) याद+अपि C) यदी+अपि D) यदि+आपि

7. भारतवासी **जीवनज्योत** जलाएँगे। (रेखांकित शब्द का समास पहचानिए)[ ]

A) तत्पुरुष समास B) कर्मधारय समास C) अव्ययीभाव समास D) द्विगु समास

8. 1974 को अक्षरों में पहचानिए। [ ]

A) उन्नीस सौ बहत्तर B) उन्नीस सौ चौहत्तर

C) उन्नीस सौ इकहत्तर D) उन्नीस सौ सतहत्तर

9. अमीना का क्रोध तुरंत स्नेह में बदल गया। (रेखांकित शब्द क्या है?) [ ]

A) सर्वनाम B) क्रिया C) विशेषण D) संज्ञा

10. तुम हिंदी से जुडे विविध कार्यक्रमों में भाग लेते हो। (वाक्य में सर्वनाम शब्द पहचानिए) [ ]

A) हिंदी B) तुम C) कार्यक्रम D) लेते हो

11. भारत प्राचीन देश है। (वाक्य में विशेषण शब्द पहचानिए) [ ]

A) है B) देश C) प्राचीन D) भारत

12. पुरुषों के साथ नारियाँ भी गाती हैं। (वाक्य में क्रिया शब्द पहचानिए) [ ]

A) पुरुषों B) नारियाँ C) गाती D) के साथ

13. वह खूब पढता है। (रेखांकित शब्द क्या है?) [ ]

A) सर्वनाम B) क्रिया C) विशेषण D) क्रिया विशेषण

14. स्त्रियाँ श्रमिक के रूप में मेहनत करती हैं।(पुल्लिंग रुपी वाक्य पहचानिए)[ ]

A) पुरुष श्रमिक के रूप में मेहनत करता है।

B) पुरुष श्रमिक के रूप में मेहनत करती है।

C) पुरुष श्रमिक के रूप में मेहनत करते हैं।

D) पुरुषों श्रमिक के रूप में मेहनत करते हैं।

15. लड़का सबसे ज्यादा प्रसन्न है। (बहुवचन वाक्य पहचानिए) [ ]

A) लड़को सबसे ज्यादा प्रसन्न हैं।

B) लड़के सबसे ज्यादे प्रसन्न हैं।

C) लड़के सबसे ज्यादा प्रसन्न हैं।

D) लड़की सबसे ज्यादा प्रसन्न है।

16. घर में बड़ों ..... मेरा प्रणाम कहना। (उचित कारक चिह्न पहचानिए) [ ]

A) को B) के C) का D) की

17. शुद्ध रूप पहचानिए। [ ]

A) मैं को पाठ पढ़ना चाहिए।

B) मुझे पाठ पढ़ना चाहिए।

C) मुझ से पाठ पढ़ना चाहिए।

D) मेरे को पाठ पढ़ना चाहिए।

18. सही क्रम वाला वाक्य पहचानिए। [ ]

A) स्त्रियाँ की ढ़ोलक मदद से गाती हैं।

B) स्त्रियाँ गाती ढ़ोलक हैं की मदद से।

C) स्त्रियाँ ढ़ोलक की मदद से गाती हैं।

D) ढ़ोलक की मदद से गाती है स्त्रियाँ।

19. हम भारत वासी दुनिया को पावन धाम बानाएँगे। (काल पहचानिए) [ ]

A) वर्तमान काल B) भूतकाल

C) आसन्न भूत काल D) भविष्यत् काल।

20. जगनिक ने आल्हा-ऊदल की वीरता का अपने काव्य में <u>बखान</u> <u>किया</u>।
(रेखांकित मुहावरे का अर्थ पहचानिए) [ ]

A) प्रशंसा करना। B) याद करना।

C) प्रभावित करना। D) परिहास करना।